दिन–रविवार दिनांक– 23 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्र आज, शहीद दिवस पर महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का निडर प्रयास देश को प्रेरित करता रहेगा।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीस मार्च को गोपालगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे।

03. राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने कहा–उनकी पार्टी अगला चुनाव तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में लड़ेगी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, बांका और जमुई सहित आसपास के कई हिस्सों मे बारिश की चेतावनी जारी की।

---

राष्ट्र भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के तीन वीर क्रांतिकारियों– शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को आज श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। देश के इन तीन वीर सपूतों को वर्ष उन्नीस सौ इकतीस में आज ही के दिन लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दे दी गई थी। हमारे संवाददाता ने बताया कि पंजाब के हुसैनीवाला स्थित शहीद स्मारक पर बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीद दिवस पर इन तीनों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए श्री मोदी ने इन क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कारगिल चौक के पास स्थित शहीद–ए–आजम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राजकीय समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

–––बाइट–––

---

आज प्रसिद्ध दार्शनिक और राजनेता राम मनोहर लोहिया की जयंती पर राष्ट्र उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में डॉ. लोहिया को दूरदर्शी नेता बताया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कंकड़बाग में आयोजित समारोह में डॉक्टर लोहिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री जय कुमार चौधरी सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें नमन किया तथा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीस मार्च को गोपालगंज आयेंगे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि श्री शाह एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। श्री राय ने गोपालगंज में सभा स्थल के लिए अधिकारियों के साथ स्थान का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का आयोजन निर्माणाधीन पुलिसलाईन मैदान में किया जायेगा।

–––बाइट–––

---

राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने कहा है कि उनकी पार्टी तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। श्री प्रसाद ने आज पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि महागठबंधन मजबूत स्थिति में है।

---बाइट---

---

केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने राज्य में अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

---बाइट---

---

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बांका में कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर लगातार बिहार का विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। गिरिराज सिंह आज पूर्व सांसद जनार्दन यादव की पत्नी सावित्री देवी के निधन पर उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि विकास के मुद्दे पर नीतीश कुमार का स्थान कोई नहीं ले सकता है।

---बाइट---

---

पटना के कंकड़बाग में खेले जा रहे सेपक टाकरा वर्ल्डकप में डबल्स मुकाबलों में भारतीय महिला टीम ने रजत पदक जीता है। जबकि पुरूष वर्ग ने डबल्स में कांस्य पदक हासिल किया है।

---

एनडीए के सभी पांच घटक दलों का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आज कटिहार में आयोजित किया गया। इसमें, भाजपा और जनता दल यूनाईटेड के अलावा हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल हुए। कटिहार के एलडब्ल्यूसी मैदान में इसका आयोजन किया गया।

---

कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने आज कहा कि राज्य में जाति आधारित सर्वे के बाद राज्य सरकार ने किए गए सुझावों पर काम नहीं किया है। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, पिछड़ों, दलितों और वंचित लोगों के विकास के लिए काम करना चाहती है।

———बाइट———

---

देश में बिहार दिवस पर आज दूसरे दिन भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य राजकीय समारोह पटना के गाँधी मैदान में आयोजित किया गया है। जहाँ आज भी कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। समारोह मे कई जाने माने कलाकार भाग ले रहे है। मधुबनी पेंटिंग की कलाकार सुजाता मिश्रा ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि मधुबनी चित्रकला ने बिहार की अस्मिता को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज रोजदारों के लिए मुख्यमंत्री आवास में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया है। इफ्तार पार्टी में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य शामिल हुए। हालांकि वक्फ संशोधन विधेयक पर जदयू के रूख के चलते इमारत–ए–शरिया ने एफ्तार पार्टी का बहिष्कार किया है।

---

गया में आज बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान– बिपार्ड में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में राज्य आयोगों और न्यायाधिकरणों के समक्ष आने वाली चुनौतियां विषय पर चर्चा की गई। सम्मेलन में उपभोक्ता कानून रेरा अधिनियम और कई अन्य विषयो पर अतिथियों ने अपने विचार

रखे। समारोह को मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रतात शाही ने भी संबोधित किया।

---

स्वतंत्रता सेनानी बनारसी प्रसाद सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक अंग प्रदेश के गांधी बनारसी बाबू का आज विमोचन किया गया। पटना में आयोजित समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बने रहने के कारण भागलपुंर, बांका, जमुई, मुंगेर, सुपौल, अररिया और मधेपुरा समेत कई क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान मे बढ़ोतरी की संभावना है।

–––बाइट–––

---

बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेशनल हाईवे–31 पर आज सुबह एक चरपहिया वाहन सड़क डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में दो भाइयों समेत चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ की ओर से पटना के उत्तरी मंदिरी क्षेत्र में आज संगठन के पूर्व महासचिव अवधेश नारायण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई।

---

नवादा जिले में बिहार–झारखंड सीमा पर रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने एक बस से तीन सौ चौबीस बोतल अंग्रेजी शराब के साथ चार शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बस को भी जब्त कर लिया। वही, पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया थाना पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर ग्यारह शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

01. राष्ट्र आज, शहीद दिवस पर महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का निडर प्रयास देश को प्रेरित करता रहेगा।
02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीस मार्च को गोपालगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे।
03. राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने कहा–उनकी पार्टी अगला चुनाव तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में लड़ेगी।
04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, बांका और जमुई सहित आसपास के कई हिस्सों मे बारिश की चेतावनी जारी की।

---

समाप्त